# अध्याय - 1 फ्रांसीसी क्रांति

## स्मरणीय तथ्य

- 14 जुलाई 1789 ई. को सैन्य किले और जेल के रूप में मशहूर बास्तील का पतन हुआ।
- बास्तील के किले को ढहा कर उसके अवशेष बाजार में बेच दिए गए।
- सम्राट् की निरंकुश शक्तियों का प्रतीक होने के कारण बास्तील किला लोगों की घृणा का केंद्र था।
- ऑस्ट्रिया की राजकुमारी मेरी एन्तोएनेन का विवाह फ्रांस के सम्राट् लुई XVI से हुआ।
- लंबे समय तक चले युद्धों के कारण फ्रांस के वित्तीय संसाधन नष्ट हो चुके थे।
- 18 वीं सदी में फ्रांसीसी समाज तीन एस्टेट्स में बँटा हुआ था - पादरी वर्ग पहले, कुलीन वर्ग दूसरे जबकि शेष तीसरे एस्टेट्स से संबंधित थे।
- फ्रांस की जनसंख्या सन् 1715 ई. में 2.3 करोड़ थी जो सन् 1789 ई. में बढ़कर 2.8 करोड़ हो गई।
- स्वतंत्रता, समान नियमों तथा समान अवसरों के विचार पर आधारित समाज की परिकल्पना जॉन लॉक और ज्याँ जाक रूसो जैसे दार्शनिकों ने प्रस्तुत की थी।
- फ्रांसीसी सम्राट अपनी मर्जी से कर नहीं लगा सकता था। इसके लिये उसे एस्टेट्स जेनराल (प्रतिनिधि सभा) की बैठक बुला कर नए करों के अपने प्रस्तावों पर मंजूरी लेनी पड़ती थी।
- 20 जून को तृतीय एस्टेट्स के प्रतिनिधि वर्साय के इन्डोर टेनिस कोर्ट में जमा हुए और अपने आप को नेशनल असेंबली घोषित कर दिये।
- नवनिर्वाचित असेंबली को कन्वेंशन का नाम दिया गया था। इसके द्वारा 21 सितम्बर 1792 ई. को राजतंत्र का अंत कर फ्रांस को एक गणतंत्र घोषित किया गया।
- लुई XVI को 1793 ई. में प्लेस डी लॉ कॉन्कॉर्ड में सार्वजनिक रूप से फाँसी दे दी गई।
- रोबेस्प्येर ने नियंत्रण एवं दंड की सख्त नीति अपनाई।
- रोबेस्प्येर सरकार ने कानून बनाकर मजदूरी एवं कीमतों की अधिकतम सीमा तय कर दी तथा मांस और पावरोटी की राशनिंग भी कर दी।
- परंपरागत मॉन्स्यूर (महाशय) एवं मदाम (महोदया) के स्थान पर सभी फ्रांसीसी पुरुषों एवं महिलाओं को सितोयेन (नागरिक) एवं सितोयीन (नागरिका) नाम से संबोधित किया जाने लगा।
- मध्यवर्ग द्वारा निर्मित नये संविधान में दो चुनी गई विधान परिषदों का प्रावधान था। इन परिषदों ने पांच सदस्यों वाली एक कार्यपालिका - डिरेक्ट्री को नियुक्त किया।
- जैकोविनों के शासनकाल में एक व्यक्ति केंद्रित कार्यपालिका थी।
- डिरेक्टरों के झगड़े तथा राजनीतिक अस्थिरता ने सैनिक तानाशाह - नेपोलियन बोनापार्ट के उदय का मार्ग प्रशस्त किया।
- 5 अक्टूबर 1789 ई. को महिलाएँ पेरिस से वर्साय जाकर राजा को अपने साथ लेकर लौटी थीं। तीसरे एस्टेट्स की अधिकांश महिलाएँ जीविका निर्वाह के लिये काम करती थीं।
- केवल कुलीनों अथवा तीसरे एस्टेट्स के धनी परिवारों की लड़कियाँ ही कॉन्वेंट में पढ़ पाती थीं।
- महिलाओं ने अपने हितों के हिमायत करने और उन पर चर्चा करने के लिये खुद के राजनीतिक क्लब शुरू किये और अखबार निकाले।
- क्रांतिकारी सरकार ने लड़कियों के लिये स्कूली शिक्षा को अनिवार्य बना दिया।
- आतंक राज के दौरान महिला क्लबों को बंद कर दिया गया तथा कई महिलाओं को गिरफ्तार कर फाँसी पर भी चढ़ा दिया गया।
- बागानों में श्रम की कमी को यूरोप, अफ्रीका एवं अमेरिका के बीच त्रिकोणीय दास-व्यापार द्वारा पूरा किया गया।
- फ्रांसीसी सौदागर अफ्रीकी तट से दास खरीदते थे। दासों को दाग कर एवं हथकड़ियाँ डाल कर जहाज में ठूंस दिया जाता था।
- दासों को कैरिबिआई देशों के बगान - मालिकों को बेच दिया जाता था।
- सेंसरशिप की समाप्ति के बाद फ्रांस के शहरों में अखबारों, पर्चों, पुस्तकों एवं छपी तस्वीरों की बाढ़ आ गई।
- नेपोलियन खुद को यूरोप के आधुनिकीकरण का अग्रदूत मानता था।
- फ्रांस में 1830 ई. में जुलाई क्रांति हुई।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. बास्तील का किला किस शहर में स्थित था?**

a. पेरिस b. कान
c. ल्योन d. नांत

**2. बास्तील के जेल से कुल कितने कैदी छुड़ा लिए गए थे?**

a. 5 b. 15
c. 7 d. 17

**3. फ्रांस की क्रांति के समय किस राजवंश का शासन था ?**

a. टिब्रे b. लिब्रे
c. बूर्बो d. इनमें से कोई नहीं।।

**4. फ्रांसीसी क्रांति के समय फ्रांस का राजा कौन था?**

a. लुई XI b. लुई XIV
c. लुई XVI d. लुई XVII

**5. सम्राट लुई XVI का विवाह किस देश की राजकुमारी से हुआ?**

a. ऑस्ट्रिया b. इंग्लैण्ड
c. जर्मनी d. ऑस्ट्रेलिया

**6. लुई XVI के राज्यारोहण के समय राज्य की स्थिति कैसी थी?**

a. राजकोष खाली था।
b. राजकोष भरा हुआ था ।
b. राजकोष आधा भरा हुआ था।
d. इनमें से कोई नहीं।।

**7. वर्साय का महल किस शहर में स्थित था ?**

a. वर्साय b. पेरिस
c. कान d. इनमें से कोई नहीं।।

**8. अमेरिका किस देश का उपनिवेश था ?**

a. फ्रांस b. जर्मनी
c. इटली d. इंग्लैण्ड

**9. लिव्रे किस देश की मुद्रा थी ?**

a. फ्रांस b. जर्मनी
c. अमेरिका d. इंग्लैण्ड

**10. 18वीं सदी में फ्रांसीसी समाज कितने एस्टेट्स में बंटा हुआ था ?**

a. पाँच b. चार
c. तीन d. आठ

**11. फ्रांसीसी समाज के कौन से लोग कर अदा करते थे ?**

a. पहले एस्टेट्स b. दूसरे एस्टेट्स
c. तीसरे एस्टेट्स d. सभी एस्टेट्स

**12. 18 वीं सदी के फ्रांस में कितने प्रतिशत लोग किसान थे?**

a. 40 b. 70
c. 90 d. 95

**13. इनमें से कौन तृतीय एस्टेट्स में शामिल नहीं था ?**

a. पादरी वर्ग b. बड़े व्यवसायी
c. वकील d. नौकर

**14. निम्नांकित में से किस वर्ग को कुछ विशेषाधिकार जन्मना प्राप्त थे ?**

a. प्रथम एस्टेट्स b. द्वितीय एस्टेट्स
c. a एवं b दोनों d. सभी एस्टेट्स

**15. टाइद (धार्मिक कर) को किसानों से वसूलने का अधिकार किसे था ?**

a. प्रथम एस्टेट्स b. द्वितीय एस्टेट्स
c. a एवं b दोनों d. सभी एस्टेट्स

**16. फ्रांस की मुद्रा लिव्रे को कब समाप्त कर दिया गया?**

a. 1792 ई. b. 1794 ई.
c. 1796 ई. d. 1798 ई.

**17. चर्च द्वारा वसूल किया जाने वाला टाइद कर कृषि उपज का कितना हिस्सा लिया जाता था?**

a. 1/4 हिस्सा b. 1/8 हिस्सा
c. 1/10 हिस्सा d. 1/20 हिस्सा

**18. टाइल कर किसे अदा किया जाता था?**

a. पादरी वर्ग b. कुलीन वर्ग
c. सीधे राज्य को। d. इनमें से कोई नहीं।।

**19. एक अनाम चित्र में कुलीन व्यक्ति को मकड़ा से तुलना किया गया है, जबकि किसान की तुलना ......**

a. मच्छर b. मक्खी
c. मधुमक्खी d. इनमें से कोई नहीं।।

**20. फ्रांस की जनसंख्या 1715 ई. में कितनी थी?**

a. 2.3 करोड़ b. 2.8 करोड़
c. 3.2 करोड़ d. 1.3 करोड़

**21. 18वीं सदी में एक नए सामाजिक समूह का उदय हुआ जिसे किस नाम से संबोधित किया जाता है ?**

a. कुलीन वर्ग b. पादरी वर्ग
c. मध्य वर्ग d. इनमें से कोई नहीं।।

**22. राजा के दैवी और निरंकुश अधिकारों के सिद्धांत का खंडन किया था ?**

a. जॉन लॉक b. ज्याँ जाक रूसो
c. मॉन्तेस्क्यू d. इनमें से कोई नहीं।।

**23. जनता और उसके प्रतिनिधियों के बीच एक सामाजिक अनुबंध पर आधारित सरकार का प्रस्ताव, किसने रखा था ?**

a. जॉन लॉक b. रूसो
c. मॉन्तेस्क्यू d. इनमें से कोई नहीं।।

**24. 'स्पिरिट ऑफ द लॉज' नामक रचना के रचनाकार कौन हैं ?**

a. जॉन लॉक b. रूसो
c. मॉन्तेस्क्यू d. इनमें से कोई नहीं।।

**25. संयुक्त राज्य अमेरिका के कितने उपनिवेशों ने ब्रिटेन से खुद को आज़ाद घोषित कर दिया था ?**

a. 11 b. 12
c. 13 d. 14

**26. फ्रांस की क्रांति के पूर्व एस्टेट्स जेनराल की अंतिम बैठक कब बुलाई गई थी ?**

a. 1600 ई. b. 1608 ई.
c. 1614 ई. d. 1624 ई.

**27. लुई XVI ने नये करों के प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए एस्टेट्स जेनराल की बैठक कब बुलाई?**

a. 05 मार्च 1789 b. 15 अप्रैल 1789
c. 05 मई 1789 d. 25 जून 1789